Series : YXW2Z

SET ~ 3

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **61/2/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# इतिहास
# HISTORY

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 80*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 80*

**नोट**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **32** (**मानचित्र** सहित) हैं ।

(II) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **34** प्रश्न हैं ।

(III) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

**NOTE**

(I) Please check that this question paper contains **32** printed pages (Including **Map**).

(II) Please check that this question paper contains **34** questions.

(III) Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(IV) **Please write down the serial number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period. ~

## सामान्य निर्देश :

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका पालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में 34 प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *प्रश्न-पत्र **पाँच** खण्डों में विभाजित है – **खण्ड क, ख, ग, घ** एवं **ङ** ।*

*(iii)* ***खण्ड-क** : प्रश्न संख्या 1 से 21 बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है ।*

*(iv)* ***खण्ड-ख** : प्रश्न संख्या 22 से 27 लघु-उत्तरीय प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 3 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 60 से 80 शब्दों में लिखिए ।*

*(v)* ***खण्ड-ग** : प्रश्न संख्या 28 से 30 दीर्घ-उत्तरीय (LA) प्रकार के प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 8 अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 300 से 350 शब्दों में लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड-घ** : प्रश्न संख्या 31 से 33 तीन उप-प्रश्नों वाले स्रोत आधारित प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न 4 अंकों का है ।*

*(vii)* ***खण्ड-ङ** : प्रश्न संख्या 34 मानचित्र-आधारित प्रश्न है जिसमें महत्त्वपूर्ण परीक्षण वस्तुओं की पहचान और स्थान शामिल हैं । यह प्रश्न 5 अंकों का है । मानचित्र को उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न करें ।*

*(viii)* *प्रश्न-पत्र में समग्र विकल्प नहीं दिया गया है । यद्यपि, खण्ड ख तथा खण्ड ग में आंतरिक विकल्प का प्रावधान दिया गया है । परीक्षार्थी को इन प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखना है ।*

*(ix)* *इसके अतिरिक्त, ध्यान दें कि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए चित्र तथा मानचित्र आदि आधारित प्रश्नों के स्थान पर एक अन्य प्रश्न दिया गया है । इन प्रश्नों के उत्तर केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थी ही लिखें ।*

## General Instructions :

***Read the following instructions carefully and follow them :***

*(i)* *This question paper contains **34** questions. **All** questions are **compulsory**.*

*(ii)* *Question paper is divided into **five** Sections – Section **A, B, C, D** and **E**.*

*(iii)* ***Section A** – question numbers **1** to **21** are Multiple Choice type questions. Each question carries **1** mark.*

*(iv)* ***Section B** – question numbers **22** to **27** are Short Answer type questions. Each question carries **3** marks. Write answer to each question in **60** to **80** words.*

*(v)* ***Section C** – question numbers **28** to **30** are Long Answer (LA) type questions. Each question carries **8** marks. Write answer to each question in **300** to **350** words.*

*(vi)* ***Section D** – question numbers **31** to **33** are Source-based questions having **three** sub-questions. Each question carries **4** marks.*

*(vii)* ***Section E** – question number **34** is Map Based Question that includes the identification and location of significant test items. This question carries **5** marks. Attach the Map with the answer-book.*

*(viii)* *There is no overall choice. However, an internal choice has been provided in Sections B and C of question paper. A candidate has to write answer for only **one** of the alternatives in such questions.*

*(ix)* *In addition to this, NOTE that a separate question has been provided for Visually Impaired candidates in lieu of questions having visual inputs, Map etc. Such questions are to be attempted by Visually Impaired candidates only.*

## खण्ड – क

**(बहुविकल्पीय प्रश्न)** **21 × 1 = 21**

1. निम्नलिखित में से किस राजवंश से रानी प्रभावती का संबंध था ? **1**

   (A) कण्व (B) शक

   (C) वाकाटक (D) मौर्य

2. नीचे दो कथन दिए गए हैं, अभिकथन (A) और कारण (R) । इनको ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प का चयन कीजिए । **1**

   **अभिकथन (A) :** हड़प्पा एक सुनियोजित शहर था ।

   **कारण (R) :** यहाँ सुनियोजित जल-निकासी प्रणाली थी ।

   **विकल्प :**

   (A) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R), (A) की सही व्याख्या करता है ।

   (B) (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R), (A) की सही व्याख्या नहीं करता है ।

   (C) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

   (D) (R) सही है, परन्तु (A) गलत है ।

3. महाभारत काल के दौरान धर्मशास्त्र और धर्मसूत्रों में निर्धारित सामाजिक व्यवहार संहिता के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? **1**

   (A) इन मानदंडों का पालन केवल ब्राह्मणों द्वारा किया जाता था ।

   (B) इन मानदंडों का पालन सार्वभौमिक रूप से किया जा रहा था ।

   (C) इन मानदंडों का पालन सार्वभौमिक रूप से नहीं किया गया ।

   (D) केवल शासक इन मानदंडों का पालन करते थे ।

## SECTION – A

**(Objective Type Questions)** **21 × 1 = 21**

1. Which one of the following dynasties did Queen Prabhavati belong to ? **1**

   (A) Kanvas (B) Shakas

   (C) Vakataka (D) Maurya

2. Two statements are given below as Assertion (A) and Reason (R). Read them carefully and choose correct option. **1**

   **Assertion (A) :** Harappa was a well-planned city.

   **Reason (R) :** It had a well-planned drainage system.

   **Options :**

   (A) Both (A) and (R) are correct and (R) is the correct reasoning of (A).

   (B) Both (A) and (R) are correct but (R) is not the correct reasoning of (A).

   (C) (A) is correct but (R) is not correct.

   (D) (A) is not correct but (R) is correct.

3. Which one of the following is a correct statement regarding the codes of social behaviour as laid down in Dharamasutras and Dharmashastras during the period of Mahabharata ? **1**

   (A) These norms were to be followed by the Brahmins only.

   (B) These norms were being followed universally.

   (C) These norms were not followed universally.

   (D) Only the rulers followed these norms.

4. निम्नलिखित में से हड़प्पा की वास्तुकला की विशिष्ट विशेषता क्या थी ? 1

(A) लकड़ी का उपयोग
(B) लोहे का उपयोग
(C) ईंटों का उपयोग
(D) मार्बल का उपयोग

5. पाँचवीं शताब्दी के देवगढ़ मंदिर की यह दी गई मूर्ति निम्नलिखित में से किस देवता की है ? 1



(A) इन्द्र
(B) शिव
(C) रुद्र
(D) विष्णु

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न सं. 5 के स्थान पर है।**

वर्धमान महावीर निम्नलिखित में से किस धर्म से संबंधित हैं ? 1

(A) ईसाई धर्म
(B) हिंदू धर्म
(C) बौद्ध धर्म
(D) जैन धर्म

4. Which one of the following was a distinctive feature of Harappan architecture ? **1**

(A) Use of Wood (B) Use of Iron

(C) Use of Bricks (D) Use of Marble

5. The given sculpture from the fifth century Devgarh temple depicts which of the following deities ? **1**



(A) Indra (B) Shiva

(C) Rudra (D) Vishnu

**Note : The following question is for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 5.**

Vardhman Mahavir is related to which of the following religion ? **1**

(A) Christianity (B) Hinduism

(C) Buddhism (D) Jainism

6. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| **स्तंभ-I** (सांची की मूर्तिकला) | | **स्तंभ-II** (प्रतीकात्मक महत्त्व) | |
|---|---|---|---|
| a | रिक्त स्थान | i | महापरिनिब्बान का प्रतीक |
| b | गजलक्ष्मी | ii | सौभाग्य का प्रतीक |
| c | चक्र | iii | शुभ का प्रतीक |
| d | शालभंजिका | iv | बुद्ध के पहले उपदेश का प्रतीक |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

7. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से भारतीय इतिहास के शासक की पहचान कीजिए : 1

- भोपाल शासक
- 1868 से 1901 ई. तक शासन
- सांची स्तूप के संरक्षण में सहायता

(A) जहाँआरा बेगम (B) शाहजहाँ बेगम

(C) गुलबदन बेगम (D) रुख़सार बेगम

6. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| **Column-I (Sculpture of Sanchi)** | | **Column-II (Symbolic Importance)** | |
|---|---|---|---|
| a | Empty seat | i | Indicator of Mahaparinibbana |
| b | Gajlakshmi | ii | Indicator of good fortune |
| c | Wheel | iii | Indicator of auspicious |
| d | Shalbhanjika | iv | Indicator of first sermon of Buddha |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | i | ii | iv | iii |
| (B) | ii | iii | i | iv |
| (C) | ii | i | iv | iii |
| (D) | iv | i | iii | ii |

7. Identify the ruler from Indian history with following information : **1**

- Ruler of Bhopal
- Ruled from 1868 to 1901 CE
- Helped in preserving the Sanchi Stupa

(A) Jehanara Begum (B) Shahjehan Begum

(C) Gulbadan Begum (D) Rukhsaar Begum

8. निम्नलिखित जानकारी की सहायता से सोलहवीं शताब्दी के भारत के शासक की पहचान कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| |
|---|
| – उसने चौदह बार अजमेर की तीर्थयात्रा की । |
| – उसने अजमेर शरीफ़ से नयी जीत के लिए और पुत्रों के जन्म का आशीर्वाद माँगा । |

**विकल्प :**

(A) सुल्तान गयासुद्दीन खिलजी

(B) शाहजहाँ

(C) अकबर

(D) मुहम्मद बिन तुगलक

9. निम्नलिखित को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

I. तालीकोटा का युद्ध

II. नगलपुरम् की स्थापना

III. कमलपुरम् जलाशय की स्थापना

IV. गोलकुंडा की सल्तनत का उदय

**विकल्प :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, III, IV, I

(C) III, II, IV, I

(D) IV, I, III, II

8. Identify the ruler of India from the sixteenth century with the following information and choose the correct option : **1**

| | |
|---|---|
| – | He went on a pilgrimage to Ajmer fourteen times. |
| – | He sought blessings for new conquests and the birth of sons from Ajmer Sharif. |

**Options :**

(A) Sultan Ghias-ud-din Khalji

(B) Shah-Jehan

(C) Akbar

(D) Muhammad Bin Tughlaq

9. Arrange the following in chronological order and choose the correct option : **1**

I. Battle of Talikota

II. Establishment of Nagalpuram

III. Formation of Kamalpuram Tank

IV. Emergence of the Sultanate of Golconda

**Options :**

(A) I, II, III, IV

(B) II, III, IV, I

(C) III, II, IV, I

(D) IV, I, III, II

10. निम्नलिखित में से किसने गुरु तेग बहादुर जी की रचनाओं को गुरु ग्रंथ साहिब में सम्मिलित किया ? 1

(A) गुरु हरगोबिंद साहिब जी

(B) गुरु गोबिंद सिंह जी

(C) गुरु अर्जुन देव जी

(D) गुरु हरकृष्ण साहिब जी

11. निम्नलिखित में से मुगल भू-राजस्व प्रणाली के संदर्भ में कौन सा कथन सही है ? 1

(A) राजस्व संग्रहकर्ता भूमि का कर केवल नकद में वसूलते थे ।

(B) खेती की गई भूमि पर बिना किसी माप के कर लगाया जाता था ।

(C) भूमि से प्राप्त राजस्व साम्राज्य का आर्थिक आधार था ।

(D) कर संग्रहकर्ता साहूकारों की सहायता से लोगों से कर वसूलते थे ।

12. मुगल राज्य के कृषि समाज में महिलाओं की भूमिका के संदर्भ में निम्नलिखित में से सही कथन की पहचान कीजिए । 1

(A) महिलाएँ केवल कारीगरी का काम करती थीं ।

(B) महिलाएँ खेतों में पुरुषों के साथ मिलकर काम करती थीं ।

(C) तलाक़शुदा महिलाओं को दोबारा शादी की इजाज़त नहीं थी ।

(D) महिलाएँ सभी क्षेत्रों में पूरी तरह स्वतंत्र थीं ।

10. Who among the following included the composition of Guru Tegh Bahadur ji in the Guru Granth Sahib ? **1**

(A) Guru Hargobind Sahibji

(B) Guru Gobind Singhji

(C) Guru Arjan Devji

(D) Guru Harkrishan Sahibji

11. Which of the following statements is true regarding the land revenue system of the Mughals ? **1**

(A) The revenue collectors collected tax of land in cash only.

(B) The cultivated lands were taxed without any measurement.

(C) Revenue from the land was the economic mainstay of the empire.

(D) The tax collectors used to collect taxes with the help of Sahukars.

12. Identify the correct statement from the following regarding the role of women in agrarian society of the Mughal State. **1**

(A) Only artisanal work were done by women.

(B) Women worked in the fields with men.

(C) Remarriage were not allowed for divorced women.

(D) Women were totally independent.

13. वीरशैव अथवा लिंगायत परंपरा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ? 1

(A) वे ब्रह्म की सर्वोच्च सत्ता पर बल देते हैं।

(B) वे मृत लोगों को नहीं दफनाते हैं।

(C) उनका विश्वास है कि मृत्योपरांत भक्त शिव में विलीन हो जाता है।

(D) वे विष्णु के अनुयायी हैं।

14. स्तंभ-I का मिलान स्तंभ-II से कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

| **स्तंभ-I (मंदिर)** | | **स्तंभ-II (स्थान)** | |
|---|---|---|---|
| a | बृहदेश्वर मंदिर | 1 | विजयनगर |
| b | चन्नकेशव मंदिर | 2 | तमिलनाडु |
| c | हजारा राम मंदिर | 3 | बेलूर |
| d | चिदम्बरम् मंदिर | 4 | तंजावूर |

**विकल्प :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

15. नीचे दिए गए उपयुक्त विकल्प के साथ रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : 1

1857 का विद्रोह भारत में ______ वंश के अंत का प्रतीक था।

(A) मराठा

(B) राजपूत

(C) सिंधिया

(D) मुगल

13. Which one of the following statements is correct regarding Virashaiva or Lingayat tradition ? **1**

(A) They emphasize Brahman as the supreme entity.

(B) They do not bury their dead persons.

(C) They believe that on death they will be united with Shiva.

(D) They are the followers of Vishnu.

14. Match Column-I with Column-II and choose the correct option : **1**

| **Column-I (Temple)** | | **Column-II (Location)** | |
|---|---|---|---|
| a | Brihadeswara temple | 1 | Vijayanagara |
| b | Chennakeshava temple | 2 | Tamil Nadu |
| c | Hazara Ram temple | 3 | Belur |
| d | Chidambaram temple | 4 | Tanjavur |

**Options :**

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (B) | 2 | 4 | 3 | 1 |
| (C) | 4 | 3 | 1 | 2 |
| (D) | 1 | 3 | 2 | 4 |

15. Fill in the blank with the suitable option given below : **1**

The Revolt of 1857 marked the end of the _______ dynasty in India.

(A) Maratha (B) Rajput

(C) Scindhia (D) Mughal

16. निम्नलिखित में से कौन सा कथन जमींदारों पर इस्तमरारी बंदोबस्त के प्रभाव का सबसे अच्छा वर्णन है ? 1

(A) ये भूमिहीन श्रमिक बन गए ।

(B) उन सबको जोतदारों ने प्रतिस्थापित किया ।

(C) उन्होंने अपनी भूमि ब्रिटिश को बेची ।

(D) उन्हें भूमि पर महत्त्वपूर्ण नियंत्रण मिला ।

17. संविधान सभा जनमत से किस प्रकार प्रभावित थी ? सही विकल्प का चयन कीजिए । 1

I. लोग संसद के बाहर अपने विचार व्यक्त करते थे ।

II. लोगों ने प्रेस के माध्यम से अपनी प्रतिक्रियाएँ दीं ।

III. संविधान सभा के लोग सभा में जनता से विमर्श करते थे ।

IV. जनता ने संविधान सभा में विचार व्यक्त किए ।

**विकल्प :**

(A) I, III और IV

(B) II, III और IV

(C) I, IV और II

(D) I, II और III

18. 1857 के विद्रोह के संदर्भ में निम्नलिखित में से विषम की पहचान कीजिए : 1

(A) आरा : कुँवर सिंह

(B) बड़ौत : शाहमल

(C) सिंहभूम : गोनू

(D) हैदराबाद : मौलवी अहमदुल्लाह शाह

16. Which of the following statements best describes the effect of the Permanent Settlement on zamindars ? **1**

(A) They become landless labourers.

(B) They all were replaced by Jotedars.

(C) They sold their land to British.

(D) They gained significant control over land.

17. How was the Constituent Assembly influenced by public opinion ? Choose the correct option. **1**

I. People aired their views outside the Parliament House.

II. People gave their reactions through the press.

III. The members of Constituent Assembly used to discuss with the public.

IV. Public expressed their views in the Constituent Assembly.

**Options :**

(A) I, III & IV

(B) II, III & IV

(C) I, IV & II

(D) I, II & III

18. Find the odd one out regarding the revolt of 1857 from the following : **1**

| | | |
|---|---|---|
| (A) Arrah | : | Kunwar Singh |
| (B) Barout | : | Shah Mal |
| (C) Singhbhum | : | Gonu |
| (D) Hyderabad | : | Maulavi Ahmadullah Shah |

19. नीचे दी गई जानकारी की सहायता से व्यक्ति की पहचान कीजिए : 1

| | |
|---|---|
| 1. | वह संविधान सभा की सलाहकार समिति के अध्यक्ष थे । |
| 2. | वह पृथक निर्वाचिका के विरुद्ध थे । |
| 3. | वह स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री थे । |

**विकल्प :**

(A) गोबिन्द बल्लभ पंत

(B) आर.वी. धुलेकर

(C) वल्लभभाई पटेल

(D) पंडित नेहरू

20. निम्नलिखित में से किसकी सलाह पर गांधीजी ने एक वर्ष तक ब्रिटिश भारत की यात्रा की जिससे कि राजनीति में प्रवेश करने से पहले वे इस भूमि और इसके लोगों को जान सकें ? 1

(A) बाल गंगाधर तिलक

(B) गोपाल कृष्ण गोखले

(C) लाला लाजपत राय

(D) बिपिनचंद्र पाल

21. गांधीजी ने 'रॉलेट एक्ट' के विरुद्ध देशव्यापी अभियान क्यों चलाया ? निम्नलिखित में से सर्वोपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए : 1

(A) ब्रिटिश सरकार ने सारे स्कूल और कॉलेजों को बंद कर दिया ।

(B) प्रथम विश्वयुद्ध समाप्त हो गया ।

(C) ब्रिटिश सरकार ने बिना जाँच के कारावास की अनुमति दे दी थी ।

(D) लोग ब्रिटिश सरकार से स्वतंत्रता की अपेक्षा कर रहे थे ।

19. Identify the person from the given information : **1**

| | |
|---|---|
| 1. | He was the head of Advisory Committee of the Constituent Assembly. |
| 2. | He was against the separate electorate. |
| 3. | He was the first home minister of free India. |

**Options :**

(A) Gobind Ballabh Pant

(B) R.V. Dhulekar

(C) Vallabhbhai Patel

(D) Pandit Nehru

20. On whose of the following advice Gandhiji spent a year in travelling around British India for getting to know the land and its people before entering into politics ? **1**

(A) Bal Gangadhar Tilak

(B) Gopal Krishna Gokhale

(C) Lala Lajpat Rai

(D) Bipin Chandra Pal

21. Why did Gandhi call for a nationwide campaign against the 'Rowlatt Act' ? Choose the appropriate option from the following : **1**

(A) The British Government closed all the schools and colleges.

(B) The first World War came to an end.

(C) British Govt. permitted detention without trial.

(D) People expected independence from the British.

## खण्ड – ख

(लघु–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न) $6 \times 3 = 18$

22. (a) हड़प्पावासियों द्वारा मुहरों और मुद्रांकनों का प्रयोग लंबी दूरी के संपर्कों को सुविधाजनक बनाने के लिए क्यों होता था ? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए । 3

**अथवा**

(b) "हड़प्पा के प्रशासन पर पुरातत्त्वविदों के विभिन्न विचार थे ।" इस कथन की व्याख्या उदाहरणों सहित कीजिए । 3

23. प्राचीन भारतीय सिक्कों की किन्हीं तीन विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए । 3

24. (a) विजयनगर साम्राज्य के पतन के कारणों का विश्लेषण कीजिए । 3

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य के जल स्रोतों के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । 3

25. मुगल काल में ग्रामीण बुनकरों की भूमिका का वर्णन कीजिए । 3

26. 1850 के दशक के दौरान भारत भर में फैली अफवाहों की परख कीजिए । 3

27. संविधान सभा में बालकृष्ण शर्मा द्वारा संघवाद पर प्रस्तुत विचारों का विश्लेषण कीजिए । 3

## SECTION – B

**(Short Answer Type Questions)** **6 × 3 = 18**

22. (a) Why were the seals and sealings used by the Harappans to facilitate long distance communication ? Explain with examples. **3**

**OR**

(b) "There were different views of archaeologists on the administration of Harappa." Explain the statement with examples. **3**

23. Explain any three features of ancient Indian coinage. **3**

24. (a) Analyse the causes of decline of Vijayanagara empire. **3**

**OR**

(b) Analyse the significance of water resources of the Vijayanagara empire. **3**

25. Describe the role of village artisans in the Mughal era. **3**

26. Examine the rumours that spread across India during 1850's. **3**

27. Analyse the ideas put forward by Bal Krishan Sharma on federalism in the Constituent Assembly. **3**

## खण्ड – ग

**(दीर्घ–उत्तरीय प्रकार के प्रश्न)** $3 \times 8 = 24$

28. (a) कल्पना कीजिए कि आप एक ऐतिहासिक शोध दल का नेतृत्व कर रहे हैं। आप ग्रामीण ग्रस्तता को बढ़ावा देने में रैयतवाड़ी प्रणाली की भूमिका और बम्बई–दक्कन के किसानों पर इसके दीर्घकालिक परिणामों की व्याख्या कैसे करेंगे ? स्पष्ट कीजिए। 8

**अथवा**

(b) आपको एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए कहा गया है कि अमेरिकी गृहयुद्ध के अंत ने भारत के दक्कन में कपास की उछाल को कैसे प्रभावित किया। आप इन परिवर्तनों का आकलन कैसे करेंगे, स्पष्ट कीजिए। 8

29. (a) अल–बिरूनी ने भारत में जाति व्यवस्था की तुलना अन्य समाजों से कैसे की तथा उनकी पुस्तक किताब–उल–हिन्द की मुख्य विशेषताओं के बारे में लिखिए। **5 + 3 = 8**

**अथवा**

(b) मुगल भारत में भूमि स्वामित्व के प्रश्न पर बर्नियर के विचारों की परख कीजिए तथा बर्नियर के विवरण से पश्चिमी अर्थशास्त्री किस प्रकार प्रभावित हुए। **5 + 3 = 8**

30. (a) प्राचीन भारतीय समाज में भूमि–अनुदान की प्रकृति और विशेषताओं की परख कीजिए। 8

**अथवा**

(b) छठी शताब्दी ई.पूर्व से कृषि उत्पादकता में वृद्धि के लिए अपनाई गई विभिन्न रणनीतियों की परख कीजिए। 8

## SECTION – C

**(Long Answer Type Questions)** **3 × 8 = 24**

28. (a) Imagine you are leading a historical research team. How would you explain the role of Ryotwari System in fostering rural indebtness and its long-term consequences on Bombay-Deccan peasantry ? Explain. 8

**OR**

(b) You are asked to prepare a report on how the end of the American Civil War affected the cotton boom in the Indian Deccan. How would you assess the changes ? Explain. 8

29. (a) Examine how did Al-Biruni compared the caste system in India with other societies and also write the chief features of his book Kitab-Ul-Hind. **5 + 3 = 8**

**OR**

(b) Examine Bernier's opinion on the question of land ownership in Mughal India and how were the western economists influenced by Bernier's description. **5 + 3 = 8**

30. (a) Examine the nature and characteristics of the land grants in ancient Indian society. 8

**OR**

(b) Examine the various strategies used to enhance agricultural output from the sixth BCE onwards. 8

## खण्ड – घ

**(स्रोत–आधारित प्रश्न)** **3 × 4 = 12**

31. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**नमक सत्याग्रह क्यों ?**

नमक विरोध का प्रतीक क्यों था ? इसके बारे में महात्मा गाँधी ने लिखा है :

प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सूचनाओं से पता चलता है कि कैसे अन्यायपूर्ण तरीके से नमक कर को तैयार किया गया है । बिना कर (जो कभी–कभी नमक के मूल्य का चौदह गुना तक होता था) अदा किए गए नमक के प्रयोग को रोकने के लिए सरकार उस नमक को, जिसे वह लाभ पर नहीं बेच पाती थी, नष्ट कर देती थी । अत: यह राष्ट्र की अत्यधिक महत्त्वपूर्ण आवश्यकता पर कर लगाती है; यह जनता को इसके उत्पादन से रोकती है और प्रकृति ने जिसे बिना किसी श्रम के उत्पादित किया है उसे नष्ट कर देती है । अत: किसी भी वजह से किसी चीज़ को स्वयं प्रयोग न कर पाने तथा अन्य को भी उसका प्रयोग न करने देने तथा ऐसे में उस चीज़ को नष्ट कर देने की इस अन्यायपूर्ण नीति को किसी भी विशेषण द्वारा नहीं बताया जा सकता है । विभिन्न स्रोतों से मैं भारत के सभी भागों में इस राष्ट्र संपति को बेलगाम ढंग से नष्ट किए जाने की कहानियाँ सुन रहा हूँ । टनों न सही पर कई मन नमक कोंकण तट पर नष्ट कर दिया गया बताया गया है । दाण्डी से भी इस तरह की बातें पता चली हैं । जहाँ कहीं भी ऐसे क्षेत्रों के आस–पास रहने वाले लोगों द्वारा अपने व्यक्तिगत प्रयोग हेतु प्राकृतिक नमक उठा ले जाने की संभावना दिखती है वहाँ तुरंत अधिकारी नियुक्त कर दिए जाते हैं जिनका एकमात्र कार्य विनाश करना होता है । इस प्रकार बहुमूल्य राष्ट्रीय संपदा को राष्ट्रीय खर्चे से ही नष्ट किया जाता है और लोगों के मुँह से नमक छीन लिया जाता है ।

नमक एकाधिकार एक तरह से चौतरफा अभिशाप है । यह लोगों को बहुमूल्य सुलभ ग्राम उद्योग से वंचित करता है, प्रकृति द्वारा बहुतायत में उत्पादित संपदा का यह अतिशय विनाश करता है । इस विनाश का मतलब ही है और अधिक राष्ट्रीय खर्च । चौथा और इस मूर्खता का चरमोत्कर्ष भूखे लोगों से हज़ार प्रतिशत से अधिक की उगाही है ।

सामान्य जन की उदासीनता की वजह से ही लम्बे समय से यह कर अस्तित्व में बना रहा है । आज जनता पर्याप्त रूप से जग चुकी है अत: इस कर को समाप्त करना होगा । कितनी जल्दी इसे खत्म कर दिया जाएगा यह लोगों की क्षमता पर निर्भर करता है ।

*दि कलेक्टेड वर्क्स ऑफ महात्मा गाँधी (सी.डब्ल्यू.एम.जी.) खंड 49*

31.1 नमक कानून को आम जनता द्वारा नापसंद क्यों किया गया ? **1**

31.2 ब्रिटिश सरकार द्वारा नमक अधिकारी क्यों नियुक्त किए गए ? **1**

31.3 लॉर्ड इरविन, नमक मार्च के महत्त्व को समझने में क्यों विफल रहे ? **2**

## SECTION – D

**(Source Based Questions)** **3 × 4 = 12**

31. Read the following source carefully and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**Why the Salt Satyagraha ?**

Why was salt the symbol of protest ? This is what Mahatma Gandhi wrote :

The volume of information being gained daily shows how wickedly the salt tax has been designed. In order to prevent the use of salt that has not paid the tax which is at times even fourteen times its value, the Government destroys the salt it cannot sell profitably. Thus it taxes the nation's vital necessity ; it prevents the public from manufacturing it and destroys what nature manufactures without effort. No adjective is strong enough for characterizing this wicked dog-in-the-manger policy. From various sources, I hear tales of such wanton destruction of the nation's property in all parts of India. Maunds if not tons of salt are said to be destroyed on the Konkan coast. The same tale comes from Dandi. Wherever there is likelihood of natural salt being taken away by the people living in the neighbourhood of such areas for their personal use, salt officers are posted for the sole purpose of carrying on destruction. Thus valuable national property is destroyed at national expense and salt taken out of the mouths of the people.

The salt monopoly is thus a fourfold curse. It deprives the people of a valuable easy village industry, involves wanton destruction of property that nature produces in abundance, the destruction itself means more national expenditure and fourthly, to crown this folly, an unheard of tax of more than 1,000 per cent is exacted from a starving people.

This tax has remained so long because of the apathy of the general public. Now that it is sufficiently roused, the tax has to go. How soon it will be abolished depends upon the strength the people.

*The Collected Works of Mahatma Gandhi (CWMG), Vol. 49*

31.1 Why was salt law disliked by the masses ? **1**

31.2 Why were salt officers appointed by the British Government ? **1**

31.3 Why did Lord Irwin fail to understand the significance of Salt March ? **2**

32. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**उपनिषद की कुछ पंक्तियाँ**

यहाँ पर संस्कृत भाषा में रचित लगभग छठी सदी ईसा पूर्व के छांदोग्य उपनिषद से दो श्लोक दिए गए हैं :

**आत्मा की प्रकृति**

मेरी यह आत्मा धान या यव या सरसों या बाजरे के बीज की गिरी से भी छोटी है । मन के अंदर छुपी मेरी यह आत्मा पृथ्वी से भी विशाल, क्षितिज से भी विस्तृत, स्वर्ग से भी बड़ी है और इन सभी लोकों से भी बड़ी है ।

**सच्चा यज्ञ**

यह (पवन) जो बह रहा है, निश्चय ही एक यज्ञ है..... बहते-बहते यह सबको पवित्र करता है; इसलिए यह वास्तव में यज्ञ है ।

32.1 इन श्लोकों के मुख्य विषय का उल्लेख कीजिए । **1**

32.2 इन श्लोकों के संदर्भ में आत्मा और वायु के बीच के संबंध का उल्लेख कीजिए । **1**

32.3 यह स्रोत उपनिषदों के दार्शनिक विचारों को किस प्रकार दर्शाता है ? **2**

33. नीचे दिए गए स्रोत को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **1 + 1 + 2 = 4**

**अमीर खुसरो और कौल**

अमीर खुसरो (1253-1325) महान कवि, संगीतज्ञ तथा शेख निज़ामुद्दीन औलिया के अनुयायी थे । उन्होंने कौल (अरबी शब्द जिसका अर्थ है कहावत) का प्रचलन करके चिश्ती *समा* को एक विशिष्ट आकार दिया । कौल को कव्वाली के शुरू और आखिर में गाया जाता था । इसके बाद सूफी कविता का पाठ होता था जो फ़ारसी, हिंदवी अथवा उर्दू में होती थी और कभी-कभी इन तीनों ही भाषाओं के शब्द इसमें मौजूद होते थे । शेख निज़ामुद्दीन औलिया की दरगाह पर गाने वाले कव्वाल अपने गायन की शुरुआत कौल से करते हैं । आज उपमहाद्वीप की सभी दरगाहों पर कव्वाली गाई जाती है ।

33.1 अमीर खुसरो ने चिश्ती 'समा' को किस अनोखे रूप में प्रस्तुत किया ? **1**

33.2 चिश्ती-सूफी परंपरा ने अमीर खुसरो की आध्यात्मिकता की समझ को किस प्रकार आकार दिया ? **1**

33.3 कव्वाली में सूफीवाद के महत्त्व का विश्लेषण कीजिए । **2**

32. Read the given source carefully and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**Verses from the Upanishads**

Here are two verses from the *Chhandogya Upanishad*, a text composed in Sanskrit c. sixth century BCE :

**The Nature of the Self**

This self of mine within the heart, is smaller than paddy or barley or mustard or millet or the kernel of a seed of millet. This self of mine within the heart is greater than the earth, greater than the intermediate space, greater than heaven, greater than these worlds.

**The True Sacrifice**

This one (the wind) that blows, this is surely a sacrifice … While moving, it sanctifies all this; therefore it is indeed a sacrifice.

32.1 Mention the main theme of the verse. **1**

32.2 Mention the relationship between the self and the wind in the context of these verses. **1**

32.3 How does this source reflect the philosophical ideas of the Upanishads ? **2**

33. Read the following source carefully and answer the questions that follow : **1 + 1 + 2 = 4**

**Amir Khusrau and the Qaul**

Amir Khusrau (1253-1325), the great poet, musician and disciple of Shaikh Nizamuddin Auliya, gave a unique form to the Chishti 'sama' by introducing the qaul (Arabic word meaning "saying"), a hymn sung at the opening or closing of qawwali. This was followed by sufi poetry in Persian, Hindavi or Urdu, and sometimes using words from all of these languages. Qawwals (those who sing these songs) at the shrine of Shaikh Nizamuddin Auliya always start their recital with the qaul. Today qawwali is performed in shrines all over the subcontinent.

33.1 What unique form did Amir Khusrau introduce to the Chishti 'sama' ? **1**

33.2 How did the Chishti-sufi traditions shape Amir Khusrau's understanding of spirituality ? **1**

33.3 Analyse the significance of the Sufism in the qawwali performances. **2**

## खण्ड – ङ

**(मानचित्र-आधारित प्रश्न)** **5**

34. 34.1 भारत के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित स्थानों को उपयुक्त चिह्नों से अंकित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

(i) राखीगढ़ी – विकसित हड़प्पा स्थल **1**

(ii) अजन्ता – बौद्ध स्थल **1**

(iii) (a) अजमेर – मुगलों के अधीन क्षेत्र **1**

**अथवा**

(b) आगरा – मुगलों के अधीन क्षेत्र **1**

34.2 भारत के इसी राजनीतिक रेखा-मानचित्र पर भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से संबंधित दो केन्द्रों को A और B से अंकित किया गया है । इनको पहचानिए और इनके सही नाम उनके निकट खींची गई रेखाओं पर लिखिए । **2**

**नोट : निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न संख्या 34 के स्थान पर हैं ।**

34.1 भारत में किसी एक विकसित हड़प्पा पुरास्थल का उल्लेख कीजिए । **1**

34.2 महाराष्ट्र में स्थित बौद्ध स्थल का उल्लेख कीजिए । **1**

34.3 (a) मुगलों के अधीन किसी एक क्षेत्र का नाम लिखिए । **1**

**अथवा**

(b) विजयनगर साम्राज्य की राजधानी का नाम लिखिए । **1**

34.4 भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के किन्हीं दो केन्द्रों के नाम लिखिए । **2**

## SECTION – E

**(Map Work)** **5**

34. 34.1 On the given political outline map of India, locate and label the following places with appropriate symbols :

(i) Rakhigarhi – a mature Harappan site **1**

(ii) Ajanta – a Buddhist site **1**

(iii) (a) Ajmer – a territory under Mughals **1**

**OR**

(b) Agra – a territory under Mughals **1**

34.2 On the same map two places have been marked as A and B as the centres of Indian National movement. Identify them and write their names on the lines drawn near them. **2**

**Note : The following questions are for the Visually Impaired Candidates only in lieu of Question No. 34.**

34.1 Mention any one mature Harappan sites in India. **1**

34.2 Mention one Buddhist site in Maharashtra. **1**

34.3 (a) Name any one territory which was under the Mughals. **1**


**OR**

(b) Name the capital of Vijayanagara empire. **1**

34.4 Name any two centres of Indian National movement. **2**

प्रश्न सं. **34** के लिए मानचित्र

Map for Q. No. **34**




यहाँ से काटें ------ Cut Here ------ यहाँ से काटें ------ Cut Here



~